मसूदा ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी के विरुद्ध परिवाद पेश

सूचना आयोग आयुक्त के आदेश की पालना नहीं करने पर परिवाद हुआ पेश

मसूदा, (निसं.)। अपीलार्थी द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत मांगी गई सूचनाएँ नियत समय पर नहीं देने पर अपीलार्थी ने राजस्थान राज्य सूचना आयोग में प्रस्तुत की थी अपील। राज्य सूचना आयोग आयुक्त महेन्द्र कुमार पारेख ने ग्राम पँचायत के विकास अधिकारी हेमराज दरोगा को अपीलार्थी को तत्काल प्रभाव से 10 दिवस में सूचनाएँ उपलब्ध कराने के 14 अगस्त को दिए थे आदेश।

ग्राम विकास अधिकारी द्वारा सूचना नहीं देने व सूचना आयुक्त के आदेश की अव्हेलना करने को लेकर अपीलार्थी ने ग्राम विकास अधिकारी के विरूद्ध राजस्थान राज्य सूचना आयोग जयपुर में प्रस्तुत किया परिवाद। आयुक्त के आदेश की पालना नहीं किये जाने का ग्राम विकास अधिकारी की सेवा पुस्तिका में अंकन करने व क्षतिपूर्ति के रूप में अपीलार्थी को पचास हजार रूपये एवं 250/- रूपये प्रतिदिन के हिसाब से दण्ड शास्ती अधिरोपित किये जाने की परिवाद में की माँग। अपीलार्थी दिग्वेन्द्र सिंह गहलोत के अधिवक्ता भरत सिंह सोलकी ने दी जानकारी। सूचना आयुक्त के आदेशों के बावजूद अपीलार्थी को सूचना नहीं देने व सूचना आयुक्त के आदेशों की अवहेलना करने को लेकर अपीलार्थी ने मसूदा ग्राम पँचायत के ग्राम विकास अधिकारी के विरूद्ध राजस्थान राज्य सूचना आयोग जयपुर में परिवाद प्रस्तुत किया हैं।

अपीलार्थी दिग्वेन्द्र सिंह गहलोत पुत्र महेन्द्र सिंह गहलोत निवासी कवर पदों का मोहल्ला मसूदा के अधिवक्ता भरत सिंह सोलंकी ने बताया कि अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत मांगी गई सूचनाएँ नियत समय पर नहीं देने पर अपीलार्थी ने राजस्थान राज्य सूचना आयोग में अपील प्रस्तुत की थी जिस पर सुनवाई करते हुऐ सूचना आयुक्त महेन्द्र कुमार पारेख ने 14 अगस्त 2024 को मसूदा ग्राम पँचायत के ग्राम विकास अधिकारी हेम राज दरोगा को अपीलार्थी को तत्काल प्रभाव से 10 दिवस में अपीलार्थी को सूचनाएँ उपलब्ध कराने हेतु आदेश दिया गया था, परन्तु ग्राम विकास अधिकारी द्वारा जान बूझकर लापरवाही करते हुऐ उक्त आदेश की पालना नहीं की, जिस पर व्यथित एवं क्षुब्ध होकर अपीलार्थी ने ग्राम विकास अधिकारी मसूदा के विरूद्ध राजस्थान राज्य सूचना आयोग जयपुर में परिवाद प्रस्तुत किया कि ग्राम विकास अधिकारी हेमराज दरोगा ने राजकीय कर्तव्यों की जान बूझकर घोर लापरवाही बरतते हुए सूचना आयुक्त के आदेश की पालना नहीं किये जाने का अंकन ग्राम विकास अधिकारी हेमराज दरोगा की राजकीय सेवा डायरी (सर्विस बुक) में अति आवश्यक रूप से किये जाने का निवेदन किया एवं क्षतिपूर्ति के रूप में अपीलार्थी को पचास हजार रूपये दिलाने का निवेदन किया है। तथा सूचना निर्धारित अवधि में नहीं देने के कारण उक्त ग्राम विकास अधिकारी हेमराज दरोगा पर सूचना के अधिकार अधिनियम के अनुसार 250/- रूपये प्रतिदिन के हिसाब से दण्ड शास्ती अधिरोपित किये जाने की माँग की हैं।

पैलेस ऑन व्हील्स ट्रेन यात्रा में अजमेर-पुष्कर को भी किया जाए शामिल

अजमेर, (कासं)। पैलेस ऑन व्हील्स ट्रेन जिसका कि उत्तर पश्चिम रेलवे अजमेर के कैरिज कारखाने में निर्माण का शुभारम्भ कार्य एवं अजमेर से ही प्रारम्भ हुआ आज विश्व में नम्बर वन लग्जरी ट्रेन की श्रेणी में मानी जाती है। जन सेवा समिति, श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ व सर्वधर्म पदाधिकारियों ने पैलेस ऑन व्हील्स रेल यात्रा के पैकेज में अजमेर-पुष्कर को भी सम्मलित करने की मांग मुख्यमंत्री से की है।

■ **जन सेवा समिति व सर्वधर्म समिति ने की मुख्यमंत्री से मांग**

जन सेवा समिति व श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के महासचिव रमेश लालवानी, सरदार बलबीर सिंह, बदरुद्दीन कुरेशी, अशोक बुन्देल, किशोर टेकवानी, चेतन सैनी, मितेश निचानी, टीकमदास अगनानी, किशन पारीक, सुरेश तम्बोली, गोविन्द लालवानी, मानमल गोयल, राजेन्द्र मूरजानी, होतचन्द सीरनानी सहित अन्य ने मांग की है कि अजमेर और पुष्कर को पैलेस आन व्हील्स की यात्रा में सम्मलित किए जाने से अजमेर का और पुष्करराज के इतहास की यात्रियों को जानकारी मिलेगी, साथ ही अजमेर व पुष्कर राज के लोगों के रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। लालवानी ने बताया कि वर्तमान में पुष्करराज में भी रेल लाईन की सुविधा उपलब्ध हो चुकी है, इसलिए पैलेस ऑन व्हील्स की यात्रा में अजमेर वं पुष्कर राज को भी सम्म्लित किया जाना चाहिए।

पशु कल्याण जागरूकता रैली निकाली

अजमेर, (कासं)। विश्व पशु कल्याण दिवस के अवसर पर मनाई जा रहे सप्ताह के अंतर्गत प्रेरणा फाऊंडेशन फॉर एनिमल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आज पशु कल्याण जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

फाउंडेशन की अध्यक्ष एडवोकेट प्रेरणा सचिन यादव ने बताया कि पशु कल्याण जागरूकता के लिए जिला कलेक्टर से रैली निकाली गई रैली को जिला कलेक्ट्रेट अजमेर पर मिस इलीट इंडिया शीना पराशर मिस राजस्थान दीप्ति चिनारिया एवं मोनालिसा मीणा नेहरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली में बड़ी संख्या में साइकिल, मोटरसाइकिल, स्कूटर एवं कारे शामिल हुई। रैली जिला कलेक्ट्रेट से प्रारंभ होकर कचहरी रोड गांधी भवन आगरा गेट बजरंगगढ़ चौराहा सावित्री कॉलेज होती हुई जिला कलेक्टर अजमेर पर समाप्त हुई। रैली में शामिल सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित कर पशु संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प दिलाया गया।

पशु कल्याण जागरूकता रैली में अनिता यादव, इशिता दासगुप्ता, सचिन यादव कोशा यादव, डॉ भरत छबलानी अमर सिंह राठौर जवाहर फाउंडेशन के शिवकुमार बंसल मनीष अग्रवाल कामधेनु सेवा टीम के प्रदीप व्यास एक पल सेवा की ओर से शैलेश गर्ग पार्षद नरेंद्र तुनवाल एडवोकेट रचित कच्छावा साइकिल क्लब , अजमेर फीडर क्लब, मॉर्निंग मसकेटेर्स, रजनीश टॉक पुरषोतम तेजवानी यगपाल यादव नन्द लाल शर्मा आदि का सहयोग रहा।

आम सूचना

मेरी मां श्रीमति सरला देवी पत्नि पप्पू राव जाति राव निवासी मालियों की ढाणी, गांधीनगर मदनगंज-किशनगढ़, जिला अजमेर राजस्थान की मृत्यु दिनांक 3 फरवरी 1998 को निवास स्थान पर हो गई, जिनका मृत्यु प्रमाण-पत्र बनाने के लिये तहसील कार्यालय किशनगढ में आवेदन किया है, इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिवस में अपनी आपत्ति तहसीलदार के समक्ष दर्ज कराये, बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

प्रार्थी-मनोज राव पुत्र पप्पू राव,
गांधीनगर मदनगंज-किशनगढ़

न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संख्या 01, किशनगढ़ जिला अजमेर

रजिस्ट्रेशन नं0 05/2022 (58/22
सी. एन. आर. नं. RJAJ17000392022

श्रीमती सन्तोष बनाम नगर परिषद, किशनगढ़ वगैरह
विषय- धारा 8, 10 संरक्षक एवम् प्रतिपाल्य अधिनियम, 1890 के तहत संरक्षक घोषित किये जाने बावत्।
प्रार्थी का नाम- श्रीमती संतोष पत्नी छोटूलाल पुत्री स्व. छोटू लाल, जाति मेहतर आयु 58 वर्ष निवासी पानी की टंकी, हरिजन बस्ती, नया शहर, किशनगढ़, जिला अजमेर, राजस्थान

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थीया ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि प्रार्थीया का भाई गोरधन जन्म से ही मंदबुद्धि एवं अविवाहित है। प्रार्थीया की माता श्रीमती गोप्या पत्नी छोटू लाल नगर परिषद किशनगढ़ में सफाई कर्मचारी पद पर कार्यरत थी जिसकी सेवा निवृति दिनांक 01.06.2015 को हो गई थी प्रार्थीया की माता श्रीमती गोप्या का स्वर्गवास दिनांक 23.11.2020 को हो चुका था। स्व. श्रीमती गोप्या को मृत्यु पूर्व पेंशन प्राप्त होती थी जिनकी मृत्यु के पश्चात् प्रार्थीया अपने भाई गोरधन जो कि मंदबुद्धि है उसकी ओर से पारिवारिक पेंशन अपने भाई को दिलवाये जाने हेतु प्रार्थीया संरक्षकता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया गया है। उक्त प्रार्थना पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 08/10/2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करे, उक्त दिवस पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। आज दिनांक 12/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

वरिष्ठ रीडर
अपर जिला एवं सैशन न्यायालय संख्या-01
किशनगढ़ (अजमेर)

सम्मन बनाम कायम मुकाम

(आदेश 22 नियम 4 सी.पी.सी.)
न्यायालयः श्रीमान् अपर जिला न्यायाधीश जी, कुचामन सिटी
महेन्द्र सिंह वगेरह बनाम बग्स सिंह वगेरह
दावा बाबत् बंटवारा व निषेधाज्ञा
मुकदमा संख्या 68/21

बनाम-
मुसम्मी :-
1. भानुप्रताप सिंह पुत्र स्व. श्री हिम्मतसिंह राजपूत साकिन मिठडी तहसील नावां जिला डीडवाना-कुचामन
2. सुमनकंवर पत्नी स्व0 श्री हिम्मतसिंह राजपूत साकिन मिठडी तहसील नावां जिला डीडवाना-कुचामन
3. नितिन पुत्र स्व0 श्री हिम्मत सिंह राजपूत साकिन मिठडी तहसील नावां जिला डीडवाना-कुचामन

चूंकि वादीगण ने इस अदालत में प्रकरण महेन्द्रसिंह बनाम बगससिंह दायर किया। जिमे लक्ष्मणसिंह प्रतिवादी संख्या 5 की मृत्यु हो गई आप मुलवक्षी प्रतिवादी लक्ष्मणसिंह के कायम मुकाम हो और इस्तदुआ की है बजाय उसके आप प्रतिवादी संख्या 5/1, 5/2, 5/3 बनाये जावे।
लिहाजा बजरिये हाजा बगर्ज जवाब देही आप दिनांक 9/10/2004 को अदालत हाजा में हाजिर होने के लिये तलब किया जाता है और तारीख मुकर्रर पर आपके हाजिर नहीं होने पर मुकदमा आपकी गैरहाजिरी में सुना व फैसला किया जावेगा। बदस्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 06/10/24 को जारी किया गया ।

मोहर अदालत
आदेशानुसार-रीडर
अपर सैशन न्यायाधीश
कुचामन सिटी जिला नागौर (राज.)

मणिपुर के कलाकारों ने मीरा नृत्य नाटिका से किया भावविभोर

■ **दो दिवसीय मीरा महोत्सव का समापन**

मेड़ता सिटी, (निसं.)। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार, संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली, पर्यटन विभाग राजस्थान सरकार, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण तथा उपखंड स्तरीय पर्यटन विकास समिति मेड़ता सिटी के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय मीरां महोत्सव का आयोजन मेड़ता में स्थित भक्त शिरोमणि मीराबाई पैनोरमा (राव दूदागढ़) में दिनांक 4 व 5 अक्टूबर को आयोजित किया गया। मेड़ता सिटी राजस्थान धरोहर प्राधिकरण जयपुर, राजस्थान सरकार द्वारा 2008 में स्थापित भक्त शिरोमणि मीराबाई पैनोरमा के 17वें स्थापना दिवस के अवसर पर दिनांक 4 व 5 अक्टूबर को दो दिवसीय मीरा महोत्सव का भव्य आयोजन मेड़ता सिटी के राव दूदागढ़ में किया गया।

इस आयोजन के दूसरे दिन 5 अक्टूबर शनिवार को देर शाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ माननीय ओंकारसिंह लखावत अध्यक्ष राजस्थान धरोहर प्राधिकरण, वीरमदेव सिंह जैसास, कुलदीप सिंह देवल, संगीत नाटक अकादमी की उप सचिव स्वामी चौधरी, उपखंड स्तरीय पर्यटन विकास समिति अध्यक्ष एवं उपखंड अधिकारी पूनम चोयल तथा सत्यदेव साधू ने मां मीरा बाई के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलन कर किया। इसके बाद संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली द्वारा आमंत्रित कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी इस क्रम में कर्नाटक गायन शैली के प्रसिद्ध गायक ओ.एस.अरुण, नई दिल्ली की गायिका सुनंदा शर्मा, जवाहरलाल नेहरू मणिपुर अकैडमी के कलाकारों द्वारा मीरां नृत्य नाटिका की जीवंत प्रस्तुति दी गई, इसके अलावा पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर के कलाकारों द्वारा गुजरात का प्रसिद्ध गरबा रास प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में दिल्ली से आए पूरण भाट व टीम के कलाकारों द्वारा कठपुतली शो पुतुल नाटिका प्रस्तुत किया गया इस समारोह के अवसर पर दूर दराज क्षेत्र से आये लोगों ने मणिपुर अकादमी द्वारा प्रस्तुत नृत्य नाटिका को खूब सराया गया। अंत में मुख्य अतिथि ओंकार सिंह लखावत, विशिष्ट अतिथि मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कलरु, उपखंड अधिकारी पूनम चोयल द्वारा कलाकारों को प्रशशित पत्र, स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर एडवोकेट कमल कुमार आचार्य, उप सचिव संगीत अकादमी रिक्ता स्वामी चौधरी, अल्मोड़ा के शोधार्थी डॉ. दीपा गुप्ता, लता कुंजवाल, सरला लखावत उदयपुर, चारभुजा नाथ एवं मीरां मंदिर ट्रस्ट के सेक्रेटरी सत्यदेव सान्दु, पर्यटन कार्यालय के सहायक अधिकारी, आकाशवाणी केंद्र के उद्घोषक परण्य भारद्वाज जयपुर, डॉ. रामरतन लटियाल, जयप्रकाश कस्वा, लीलाधर, सत्यनारायण सुथार नंदूश्री मंत्री, नवरतन पंवार, देवकिशन, श्याम सुन्दर, प्रबंधक नरेंद्र सिंह, डॉ. संजय सैन, महेंद्र टेलर, दीपक राखेचा सहित श्रोतागण उपस्थित थे इस अवसर पर राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने बताया कि भक्त शिरोमणि मीरां बाई का दायरा मेड़ता तक न होकर संपूर्ण भारत वर्ष मे फैला हुआ है इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार मिलकर भक्त शिरोमणि मीरां बाई की जीवनी का कॉरिडोर बनाने का प्रयास किया जाएगा।

फरार आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

अजमेर, (कासं)। गंज थाना पुलिस ने रविवार को डकैती मामले में 13 साल से फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोप बस स्टैंड पर पुलिस के हत्थे चढ़ा। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ में जुटी है, जिसे कोर्ट में पेश कर पुलिस अग्रिम जांच पड़ताल करेगी।

गंज थाने के एएसआई असलम खान से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2013 में हुई एक डकैती के मामले में पिछले 13 सालों से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। लंबे समय से फरार आरोपी का कोर्ट ने स्थाई वारंट जारी किया था। आरोपी को पकडने के लिए अलग-अलग जगह पर दबिश दी जा रही थी। मुखबिर से प्राप्त सूचना पर पुलिस दबिश देकर आरोपी को बस स्टैंड पर दबोच लिया। आरोपी बाहर जाने की फिराक में था। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आदर्श नगर निवासी विजय सिंधी पुत्र वासुमल सिंधी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक रिकार्ड भी खंगाल रही है। आरोपी को पूछताछ के बाद पुलिस कोर्ट में पेश कर अग्रिम अनुसंधान करेगी।

बच्चों को अनुशासन का संदेश

अजमेर, (कासं)। अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह के छठे दिन अणुव्रत समिति ने अजमेर के दयानंद बाल आश्रम में अनुशासन दिवस के अवसर संस्थान के बच्चों में संस्कार संयम और अनुशासन का पाठ पढ़ाने के लिए समिति के अध्यक्ष बी एल सामरा ने आश्रम के छात्र-छात्राओं को संबोधित किया तथा अनुशासन, संयम और नैतिकता के लिए विद्यार्थी अणु व्रत की आचार संहिता के संकल्प करवा कर सभी उपस्थित प्रेरणा दी।

संस्थान के छात्र-छात्राओं तथा स्टाफ के द्वारा अणुव्रत संकल्प स्वीकार किए गए। कार्यक्रम के प्रारंभ में सहायक व्यवस्थापक अमर सिंह द्वारा अणुव्रत समिति के पदाधिकारियों का स्वागत किया गया तथा अणुव्रत समिति के अध्यक्ष बी एल सामरा को प्रबंधन की ओर से नवरात्रि का दुपट्टा पहना गया। समिति के अध्यक्ष सामरा द्वारा इसके लिए दयानंद बाल सदन के व्यवस्थापक जी का कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग के लिए आभार प्रकट किया गया। आज के आयोजन में अणुव्रत समिति के अध्यक्ष बी एल सामरा तथा उपाध्यक्ष प्रकाश चंद्र छाजेड ने भाग लिया।

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सामरा ने अणुव्रत आंदोलन के इतिहास पर संक्षेप में प्रकाश डाला तथा अणुव्रत अमृत महोत्सव के अंतर्गत किए जा रहे राष्ट्रव्यापी प्रकल्पों की जानकारी दी तथा विद्यार्थियों से नशा मुक्त जीवन के साथ नैतिक आचरण ओर पर्यावरण जागरूकता को अपना कर विद्यार्थी अणुव्रत के संकल्प को आत्म सात करने का आग्रह किया तथा अपने भावी जीवन में हिंसा, आडमंबर,भ्रष्टाचार और नशे से दूर रहकर राष्ट्र विरोधी गतिविधियों भाग नहीं ले तथा उन्होंने बच्चों से अच्छे नागरिक बनकर अपने समाज एवं देश नाम रोशन करने का आव्हान किया।

कैरियर वर्कशॉप का आयोजन

अजमेर, (कासं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लोहागल मे शनिवार को एस जी एज्युकेशन सोसायटी की ओर से कैरियर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यार्थियो को कैरियर मे उपलब्ध अवसरो के बारे मे मार्ग दर्शन किया गया व साथ ही सीखने के लिए नए तरीके सिखाए गए व उनको कई जानकारिया याद भी करवाई गई।

इस कार्यशाला का आयोजन उप प्रधानाचार्य सीमा शर्मा व प्रेम देवी के तत्वावधान मे आयोजित किया गया, जिसमे मीरा व भारती आदी शिक्षकण उपिस्थत रहे। इस कार्यशाला का सेशन सुरेश नारवानी व सुरेन्द्र सिंह चौहान द्वारा लिया गया।जय परशुराम सेना की कार्यकारणी में धनराज अध्यक्ष

प्रधान आयकर आयुक्त ने दादाबाड़ी में की पूजा

अजमेर, (कासं)। प्रधान आयकर आयुक्त राजस्थान, ममता कोचर ने अपने पति समीर श्रीवास्तव के साथ रविवार को श्री जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छाचार्य श्री जिनदत सूरी दादाबाड़ी में दादा गुरुदेव की पूजा अर्चना की जहा सी.एम.अग्रवाल, रिखब सुराना, अशोक बिंदल, पूर्व पार्षद मंजू सुराना उनके साथ थी। ममता कोचर ने दादा गुरुदेव की पूजा अर्चना के बाद दादाबाड़ी में में विराजित साध्वी मनोहर श्री जी, निरंजना श्री जी, डॉ.मधुस्मिता श्री जी, डॉ. स्मित प्रज्ञा श्री जी, प्रशमरसा श्री जी, आदर्श प्रज्ञा श्री जी महारासा ने आर्शीवाद ग्रहन कर मांगलिक का श्रवण किया।